# BHADOHI POLICE

**प्रेस विज्ञप्ति**

**भदोही**

**दिनांक-17.02.2025**

**◆थाना औराई पुलिस टीम को मिली महत्वपूर्ण सफलता**

**◆एटीएम फ्रॉड गिरोह का शातिर अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे**

**◆कब्जे से कुल-54 अदद विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड व ठगी के 5,130/- रुपये नगद बरामद**

**◆एटीएम मशीन के अंदर धोखे से पासवर्ड देखकर एटीएम कार्ड बदलकर/चुराकर पैसे निकाल लेने का है संगठित गिरोह**

**◆गिरोह में शामिल एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु किया जा रहा प्रयास**

**◆फ्रॉड किए हुए पैसे को आपस में बांटकर अपने शौक को पूरा करने में करते थे खर्च**

**◆गिरोह के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की, की जा रही जांच**

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में आपराधिक घटनाओं के रोकथाम व एटीएम फ्रॉड की घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु निर्देश के क्रम में दिनांक-16.02.2025 को सायं थाना औराई पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिरी सूचना के आधार पर माधोसिंह से खमरिया जाने वाले मोड़ के पास टाटा हिटाची ATM के पास से एटीएम फ्रॉड गिरोह के में शामिल अभियुक्त राम किशन सिंह पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह निवासी समहा टोला थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से विभिन्न बैंकों के कुल-54 अदद एटीएम कार्ड व ठगी के 5,130/- रुपये नगद बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-73/2025 धारा-318,319,336,338,340 बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत किया गया।

एटीएम फ्रॉड गिरोह में शामिल गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के एक अन्य साथी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

**पूछताछ में खुले राज-**

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि हम लोगों का एक संगठित गैंग है, जो एटीएम मशीन कक्ष के अन्दर सीधे-साधे लोगों को सहायता प्रदान करने के नाम पर उनका एटीएम कार्ड किस बैंक का है, देख कर एवं

एटीएम पिन देखकर उनका कार्ड अपने चोरी के एटीएम कार्ड से बदलकर वहां से हट-बढ़ जाते है तथा अन्य जगहों से पैसा निकाल व खरीददारी कर आपस में बंटवारा कर लेते है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता**

राम किशन सिंह पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह निवासी समहा टोला थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 26 वर्ष

**गिरफ्तारी का स्थान–**

माधोसिंह से खमरिया जाने वाले मोड़ के पास टाटा हिटाची ATM के पास थाना औराई जनपद भदोही

**यह हुई बरामदगी**

विभिन्न बैंकों के कुल-54 अदद एटीएम कार्ड व ठगी के 5,130/- रुपये नगद बरामद

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

श्री अंजनी कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक औराई, उ0नि0 भारत भूषण सिंह, उ0नि0 ऋषिदेव शुक्ला व मुख्य आरक्षी संतोष यादव थाना औराई जनपद भदोही